# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

## वर्ग नवम् परीक्षा, 2020 के संबंध में आवश्यक सूचना

**विज्ञप्ति संख्या - 80/2019**

एतद् द्वारा झारखण्ड राज्य के सभी कोटि के विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, छात्रों एवं संबंधित पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि प्रधान सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक 2893 दिनांक 27.11.2019 के निदेशानुसार इस सत्र से नवम् वर्ग की परीक्षा सिर्फ पाँच अनिवार्य विषयों में ही आयोजित की जाएगी। उक्त के आलोक में परिषद् छात्र–छात्रा द्वारा चयनित 05 अनिवार्य विषयों (भाषा–1, भाषा–2, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान) की परीक्षा निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित करेगा एवं परीक्षा में उत्तीर्णता के लिए उक्त पाँच विषयों में से चार विषयों में उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। इस परीक्षा में प्रत्येक विषय से 40 अंकों के बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जायेंगे एवं 10 अंकों का आन्तरिक मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर किया जायेगा।

सभी विद्यालय प्रधान से अनुरोध है कि नवम् वर्ग की परीक्षा, 2020 का प्रवेश पत्र दिनांक 07.01.2020 से परिषद् के वेबसाइट **www.jac.jharkhand.gov.in** से डाउनलोड कर संबंधित छात्र/छात्राओं को हस्तगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

**वर्ष 2020 वर्ग नवम् का परीक्षा कार्यक्रम**

| Date & Days | 1st Sitting<br>9.45 A.M. to 1.00 P.M. | 2nd Sitting<br>2.00 P.M. to 5.15 P.M. |
|---|---|---|
| 21.01.2020<br>(Tuesday) | Paper-I<br>(Hindi A, Hindi B एवं English) | Paper-II<br>(Mathematics एवं Science) |
| 22.01.2020<br>(Wednesday) | Paper-III<br>(Social Science एवं Other language subject (If any)) | ------------------- |

आन्तरिक मूल्यांकन के अंकों की प्रविष्टि के लिए सादा अंक पत्रक परिषद् के वेबसाईट पर दिनांक 07.01.2020 से उपलब्ध होगा। इस अंक पत्रक को विद्यालय प्रधान डाउनलोड करेंगे एवं परिषद् द्वारा आवंटित रौल नं. को अंक पत्रक में अंकित करते हुए संबंधित छात्र–छात्राओं के आन्तरिक मूल्यांकन के अंकों की प्रविष्टि करेंगे तथा इसे अपने पास सुरक्षित रखेंगे। ध्यातब्य हो कि परिषद् द्वारा उक्त अंकों की मांग शीघ्र ही ऑनलाइन माध्यम से की जायेगा, जिसे संधारित किये गये अंक पत्रक के आधार पर परिषद के वेबपोर्टल में प्रविष्ट किया जाएगा। पोर्टल में प्रविष्ट अंक ही अन्तिम रूप से मान्य होंगे एवं भविष्य में इसमें परिवर्त्तन/संशोधन हेतु कोई भी अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

प्रश्न पत्र, ओ.एम.आर. सीट एवं उपस्थिति पत्रक दिनांक 15.01.2020 से 17.01.2020 तक जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध करा दी जाएगी। दिनांक 18.01.2020 से 20.01.2020 तक संबंधित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक निर्धारित विषयों के परीक्षा से संबंधित प्रश्न पत्र, ओ.एम.आर. सीट एवं उपस्थिति पत्रक उचित पहचान पत्र के आधार पर संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त करेंगे। परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षकों को निर्देश दिया जाता है कि प्रत्येक दिन जिस पाली में जिस विषय की परीक्षा होगी उस विषय के प्रश्न पत्र एवं ओ.एम.आर. सीट जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर परीक्षार्थियों को वितरित करेंगे। शेष विषयों के प्रश्न पत्र एवं ओ.एम.आर. सीट को सुरक्षित रखने का सम्पूर्ण दायित्व जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय का होगा।

परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्राओं का उपस्थिति पत्रक एवं ओ.एम.आर. सीट परीक्षा समाप्ति के उपरान्त अलग–अलग लिफाफे में सीलबन्द मुहर के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

नोटः– सभी परीक्षार्थी को प्रश्न पत्र का अध्ययन करने हेतु 15 मिनट का समय दिया जायेगा।

JAC/मा.गो./5382/10-SECY/540/19
Dt. 28.12.2019
D.O.P: 29.12.2019

**अध्यक्ष के आदेश से,**
**ह./- सचिव,**
**झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।**